

नवभारत
इंदौर, शनिवार, 20 सितंबर, 2025


## एक नजर में

### श्री केशव सत्संग खानपुरा में 22 सितम्बर से मनाया जाएगा नवरात्र महोत्सव

**मन्दसौर।** श्री केशव सत्संग भवन खानपुरा मंदसौर में 22 सितम्बर सोमवार को प्रात: 8.00 बजे घट स्थापना की जाकर 8.30 बजे से श्री रामचरित मानस का सामूहिक नवान्ह पारायण पाठ प्रारंभ होगा। श्री केशव सत्संग भवन खानपुरा ट्रस्ट अध्यक्ष जगदीशचन्द्र सेठिया, सचिव कारूलाल सोनी, उपाध्यक्ष राधेश्याम गर्ग, जयप्रकाश गर्ग, कोषाध्यक्ष मदनकुमार गेहलोत, सहसचिव प्रवीण देवड़ा, न्यासीगण बंशीलाल टांक, प्रहलाद काबरा, सत्यनारायण सोमानी, जगदीशचन्द्र गर्ग, संतोष जोशी, जगदीशचन्द्र भावसार, महेश गर्ग अजय मित्तल, अजय सिखवाल, राजेश तिवारी, सूरजपालसिंह तोमर ने सभी मानस प्रेमी धर्मालुजनों से प्रतिदिन पाठ में सम्मिलित होने का अनुरोध किया है।

### नगर पालिका के द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंधित रैली का आयोजन एवं चालानी कार्रवाई की




**मंदसौर।** 卐सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबन्ध रैली एवं चलानी कार्यवाही卐 का आयोजन किया गया। यह रैली दोपहर 03 बजे वार्ड क्रमांक 07, कमला नेहरू से प्रारंभ होकर 卐卐चौराहे तक आयोजित की गई। रैली के माध्यम से नागरिकों को सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभाव एवं उसके प्रतिबन्ध की जानकारी दी गई। साथ ही, नगर पालिका की टीम द्वारा मार्ग में आने वाली उन दुकानों पर चलानी कार्यवाही की गई, जहाँ सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पाया गया। इस अवसर पर नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण हेतु कपड़े एवं जूट के थैलों के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर न.पा. अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, स्वास्थ समिति सभापति श्रीमती दीपमाला रामेश्वर मकवाना तथा स्वास्थ्य अधिकारी हेमचंद शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात स्वच्छता शपथ भी ली गई।

### बांछड़ा समुदाय के बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास



**उमाहेड़ा।** दिनांक 19 सितंबर 2025 को उमाहेड़ा में कचनारा चौकी प्रभारी मैडम पूर्णिमा ठाकुर एवं एसआई सीताराम शर्मा द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत सराहनीय पहल की गई। दोनों अधिकारियों ने उमाहेड़ा के बांछड़ा समुदाय के बच्चों से मुलाकात कर उन्हें नियमित रूप से स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर चौकी प्रभारी मैडम पूर्णिमा ठाकुर ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि 卐जो बच्चा अपनी कक्षा में प्रथम आएगा उसे मेरी ओर से विशेष इनाम दिया जाएगा।卐 इस घोषणा से बच्चों में उत्साह और उमंग का वातावरण देखने को मिला। वहीं एसआई सीताराम शर्मा एवं चौकी प्रभारी द्वारा बच्चों को चॉकलेट वितरित की गईं। स्थानीय लोगों ने पुलिस अधिकारियों के इस प्रयास की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कदमों से न केवल बच्चों का मनोबल बढ़ता है बल्कि बांछड़ा समुदाय के बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने में भी मदद मिलती है।


### नई आबादी पुलिस ने ट्रॉली चोरी का किया खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार



**मंदसौर।** संपत्ति संबंधी अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना नईआबादी पुलिस ने ट्राली चोरी का पर्दाफाश कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार फरियादी सादिक निवासी ग्राम अरनिया निजामुद्दीन की ट्राली 7-8 सितंबर की रात चोरी हो गई थी। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने पाया कि फरियादी का अपने रिश्तेदार जाफर अजमेरी से पुराना विवाद था। जाफर ने अपने साथियों मनीष गुर्जर (पिपलियाहाड़ी) और कान्हा उर्फ कारुदास बैरागी (गरनई) के साथ मिलकर ट्राली चोरी कर 75 हजार रुपये में बेचने की योजना बनाई थी। खरीदार न मिलने पर ट्राली को रंग-रोगन कर झाड़ियों में छिपा दिया गया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर करीब 1.50 लाख रुपये की ट्राली और 5 लाख रुपये का ट्रैक्टर बरामद किया है। मुख्य आरोपी जाफर पहले भी हत्या के मामले में दोषी ठहराया जा चुका है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के निर्देशन और एएसपी तेरसिंह बघेल व सीएसपी जितेंद्रसिंह भास्कर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कुलदीपसिंह राठौर व टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया।

### मंदसौर का परचम इंदौर में लहराया

**मंदसौर।** इंदौर में आयोजित नेशनल आर्टिस्ट चैंपियनशिप में पूरे देश से आए कलाकारों के बीच मंदसौर के दो युवाओं ने ऐसा जलवा बिखेरा कि सबकी निगाहें थम गईं। मेंस हेयर कट स्टाइलिंग



में यश परमार (कालू), यश हेयर सैलून, एकेडमी, यश नगर ने अपने हुनर के कैंची और कॉम्ब से ऐसा कमाल किया कि नेशनल चैंपियन बन गए। वहीं फीमेल हेयर कट कलर कैटेगरी में हिमांशु परमार, लक्की लक्स सलून, एकेडमी ने जीत का ताज अपने नाम किया। दोनों युवाओं को नेशनल आर्टिस्ट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया और मंदसौर का नाम पूरे देश में रोशन कर दिया। गांव-शहर की गलियों से निकलकर मंच पर छाने वाले ये युवा आज की नई पीढ़ी के लिए मिसाल बन गए हैं। लोग कहनो हैं कि मंदसौर की प्रतिभा किसी से कम नहीं। नेशनल आर्टिस्ट चैंपियनशिप इवेंट में शामिल बॉलीवुड अभिनेत्री हेमा मालिनी, और टीवी कलाकार काम्या पंजाबी, नीलू वाघेला,मनीष वादवा भी मौजूद रहे।

# कयामपुर ब्लॉक कांग्रेस बैठक - किसानों को तत्काल मुआवजा देने की मांग

**मंदसौर। कयामपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक में भारी बारिश और प्राकृतिक आपदा से किसानों की फसलों को हुए व्यापक नुकसान पर गहन चर्चा हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रभावित किसानों के नुकसान का तत्काल आकलन कर उन्हें उचित मुआवजा प्रदान किया जाए। इस संबंध में राज्यपाल के नाम ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा गया।**



जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि 卐किसान हमारे देश की रीढ़ हैं और उनकी फसलों का नुकसान पूरे समाज के लिए चिंता का विषय है। सरकार को चाहिए कि वह तत्काल प्रभाव से सर्वे कराकर उचित मुआवजा प्रदान करे। यह समय वादों का नहीं, बल्कि ठोस कार्रवाई का है। कांग्रेस पार्टी हर स्तर पर किसानों के साथ खड़ी है।卐

बैठक में सुवासरा विधानसभा प्रत्याशी राकेश पाटीदार, वरिष्ठ नेता ओम सिंह भाटी, जिला पंचायत सदस्य जगदीश फौजी, ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश राठौर, सुरेश पाटीदार, भुवनेश्वर सिंह दीपाखेड़ा, गोविंद सिंह लदुना, जनपद सदस्य संजय मंडलोई, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष समरथ गुर्जर, महेश पाटीदार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

**बैठक में यह मांगें प्रमुख रहीं**— फसल बीमा योजना के तहत नुकसान का वास्तविक आकलन कर त्वरित मुआवजा वितरण।

किसानों को खाद, बीज एवं अन्य कृषि संसाधन उचित मूल्य और समय पर उपलब्ध कराना।

नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार शीघ्र ही ठोस कदम नहीं उठाती है, तो कांग्रेस किसानों के हित में बड़े स्तर पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।



## होली क्रॉस विद्यालय का पांच दिवसीय लोनावला शैक्षणिक भ्रमण टूर संपन्न

**पिपलियामण्डी।** होली क्रॉस कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं का पांच दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण टूर महाराष्ट्र के प्रसिद्ध हिल स्टेशन लोनावला में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। विद्यालय प्राचार्या सिस्टर लैला एलेक्स के मार्गदर्शन तथा शिक्षिका कीर्ति अग्रवाल, ज्योति शर्मा और शिक्षक विजय सिंह राठौड़ एवं मोहम्मद फैजान के निर्देशन में 51 सदस्यीय दल ने यह टूर किया। यह शैक्षणिक भ्रमण 14 सितंबर से प्रारंभ होकर 18 सितंबर 2025 को सम्पन्न हुआ। अंतिम दिन सभी छात्र-छात्राएं सुरक्षित रूप से अपने घर लौटे। विद्यालय प्राचार्य ने बताया विद्यालय द्वारा समय-समय पर आयोजित शैक्षणिक टूर की यह पांचवीं कड़ी रही। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने न केवल प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लिया बल्कि स्वावलंबन, अनुशासन, आपसी सहयोग, एकता और मित्रता जैसे जीवन के महत्वपूर्ण मूल्यों को भी आत्मसात किया। इस प्रकार के अनुभवों से छात्रों का शैक्षणिक एवं व्यक्तिगत विकास होता है और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।विद्यालय परिवार का मानना है कि यह अनुभव विद्यार्थियों के जीवन में अविस्मरणीय यादों के रूप में दर्ज रहेंगे। अभिभावकों एवं शुभचिंतकों के सहयोग और प्रार्थनाओं से यह जिम्मेदारीपूर्ण आयोजन सफल हो सका।

## अच्छे कर्म भाग्य बदलने में उत्प्रेरक : साध्वी डॉ. श्रुतपूर्णा मसा, श्रुत मंथन पुस्तक का विमोचन

**पिपलियामण्डी।** साध्वी डॉ. श्रुतपूर्णा मसा ने कहा कि हस्तरेखा विज्ञान यदि सही दृष्टिकोण और नैतिकता के साथ प्रयोग किया जाए तो यह आत्मचिंतन, आत्मज्ञान और आत्मविकास का साधन बन सकता है। अच्छे कर्म भाग्य बदलने में उत्प्रेरक होते हैं। वे नाकोड़ा पद्मावती सभागृह में अपनी स्वलिखित पुस्तक 'श्रुत मंथन' के लोकार्पण अवसर पर व्याख्यान दे रही थीं। मसा ने बताया कि हस्तरेखा विज्ञान केवल भविष्यवाणी नहीं है, बल्कि संसार में जीवन यापन करने वाले गृहस्थों के लिए भविष्य की दिशा समझने और अपने कर्मों का आईना है। हाथ की प्रत्येक रेखा और चिन्ह हमें आत्मनिरीक्षण का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि ज्ञान बांटने से बढ़ता है और ज्ञानदान ही ऐसा दान है, जो जीवनपर्यन्त चलता है। गुरु भक्त परिवार के प्रवक्ता मनोज जैन ने बताया कि गुरु वल्लभ के 71वें पुण्यतिथि पर आयोजित लोकार्पण समारोह का शुभारंभ प्रात: 10 बजे



हुआ। समारोह का दीप प्रज्ज्वलन बही पार्श्वनाथ तीर्थ अध्यक्ष अशोक कुमठ, उद्योगपति राजेंद्र पालीवाल मंदसौर, मुंबई श्री संघ अध्यक्ष मनोज मेहता और कंवरलाल खंजाची बीकानेर ने किया। इस अवसर पर पिपलियामंडी से बस द्वारा 71 श्रद्धालु पहुंचे। महिला मंडल और नवरत्न बहु मंडल के साथ जोधपुर व सरधना मंडलों ने भी प्रस्तुति दी। भैरव देव और गुरु को छप्पन भोग अर्पित करने का विधान हुआ, जिसका लाभ अनिलकुमार जैन मंदसौर वालों ने लिया। पुस्तक 'श्रुत मंथन' के प्रकाशन और लोकार्पण का लाभ हुलासबाई मिश्रीलाल कुमठ परिवार पिपलियामंडी ने लिया। इस अवसर पर महाविदेयविजय मसा ने गुरु वल्लभ के समाज उत्थान के ऐतिहासिक कार्यों से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने बताया कि विगत 41 दिनों से चल रहे अन्न त्याग का संकल्प पूरा होने पर उसका समापन भी हुआ। नाकोड़ा ज्ञानशाला के प्रधानाचार्य नरेन्द्रभाई और पिपलिया संघ अध्यक्ष वीरेन्द्र राणावत ने भी अपने विचार रखे।

## विधायक हरदीप सिंह डंग की अनोखी पहल

▶ संपूर्ण विधानसभा के 275 टीबी मरीजों को लिया गोद, 6 माह तक देंगे पौष्टिक फूड बकेट

**मंदसौर। स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान एवं सेवा पखवाड़ा अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुवासरा में आयोजित मेगा स्वास्थ्य शिविर में क्षेत्रीय विधायक हरदीप सिंह डंग ने ऐतिहासिक पहल करते हुए प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान को नया आयाम दिया। उन्होंने सुवासरा, शामगढ़ और सीतामऊ विधानसभा क्षेत्र के कुल 275 टीबी मरीजों को गोद लिया।**




विधायक डंग ने घोषणा की कि अगले 6 माह तक सभी मरीजों को उनकी ओर से पौष्टिक फूड बकेट (मूंगफली दाना, सोयाबड़ी, चना व गुड़) उपलब्ध कराई जाएगी। यह जिले में किसी भी विधायक द्वारा किया गया पहला प्रयास है, जो समाज में टीबी उन्मूलन हेतु एक प्रेरणादायी उदाहरण है।

उन्होंने कहा कि टीबी कोई लाइलाज रोग नहीं है, बल्कि नियमित 6 माह का उपचार इसे पूर्णत: ठीक कर देता है। अभियान के तहत मरीजों को सभी जांच व उपचार नि:शुल्क उपलब्ध हैं, साथ ही ?6,000 की पोषण सहायता राशि भी दी जाती है।

विधायक डंग ने निक्षय मित्र बनकर मरीजों को हरसंभव सहयोग देने का संकल्प दोहराया और समाज के सभी वर्गों से प्रधानमंत्री के संकल्प 卐टीबी हारेगा - देश जीतेगा卐 को सफल बनाने में योगदान देने का आवाहन किया।

## पेयजल स्त्रोतों की स्वच्छता व जागरूकता हेतु ग्रामीणों को किया जा रहा प्रेरित

***स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत पीएचई विभाग ने की टंकी परिसर की सफाई***

**मंदसौर।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जिले में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया। विभाग द्वारा पेयजल टंकी परिसरों की सफाई एवं जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में ग्रामवासियों को पेयजल स्त्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने और सुरक्षित जल के उपयोग हेतु प्रेरित किया जा रहा है।



कार्यक्रम के अंतर्गत सीतामऊ विकासखंड के ग्राम ऐरा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में पीएचई विभाग की सहभागिता रही। शिविर में जल गुणवत्ता परीक्षण का प्रशिक्षण दिया गया। वहीं गरोठ विकासखंड के ग्राम जमुनिया में जल स्त्रोतों का क्लोरीनेशन, प्रयोगशाला परीक्षण हेतु जल नमूनों का संग्रह, फील्ड टेस्टिंग किट का वितरण तथा ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

साथ ही ग्रामवासियों को समग्र स्वच्छता का वातावरण सुनिश्चित करने, जल कर की राशि की नियमित वसूली करने, जल के अपव्यय को रोकने, जल संरक्षण व संवर्धन की विधियों को अपनाने तथा ठोस एवं तरल अपशिष्ट पदार्थों के उचित निपटान की समझाइश दी गई।

**एक नजर** ▶ दान पात्रों की गणना में निकले 31 लाख 26 हजार रुपये

## श्री दुधाखेड़ी माताजी मंदिर में नवरात्रि की तैयारियां शुरू

**गरोठ।** क्षेत्र के प्रसिद्ध आरोग्य धाम श्री दुधाखेड़ी माताजी मंदिर में आगामी आश्विन नवरात्रि को लेकर तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं।

इसी कड़ी में मंदिर के दान पात्रों को एस.डी.एम. गरोठ राहुल सिंह चौहान के आदेशानुसार तथा मंदिर प्रबंध समिति सचिव एवं प्रभारी तहसीलदार भानपुरा विनोद शर्मा के निर्देशन में मंगलवार, बुधवार व गुरुवार को खोला गया। मंदिर लेखापाल नरेन्द्र कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार और बुधवार को राजस्व विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, ग्रामों के कोटवार तथा मंदिर कर्मचारियों द्वारा नोटों की गड्डियाँ जमाकर पुन: दान पात्रों में सुरक्षित की गई थीं। गुरुवार को पुन: दान पात्र खोले गए। इस दौरान सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा गरोठ के कर्मचारियों की उपस्थिति में



गणना का कार्य सम्पन्न हुआ, जिसमें कुल राशि ?31 लाख 26 हजार पाई गई।

गणना कार्य का निरीक्षण एस.डी.एम. राहुल सिंह चौहान एवं तहसीलदार भानपुरा विनोद शर्मा ने किया। गणना कार्य में राजस्व विभाग भानपुरा के पटवारी गण, महिला-पुरुष कोटवार, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, बैंक कर्मचारी, मंदिर व्यवस्थापक रामेश्वर शर्मा, पुजारी घनश्याम नाथ योगी, ग्राम कोटवार परमानंद शर्मा, मंदिर कर्मचारी रमेशचंद्र द्विवेदी, जगदीश नाथ योगी, नारायण मेघवाल, गोविंद योगी, पप्पूनाथ योगी, चतुर्भुज प्रजापति एवं सफाई कर्मचारियों ने सहभागिता की। गुरुवार देर शाम तक चले इस कार्य के उपरांत पूरी राशि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा गरोठ के सहायक प्रबंधक जगदीश जोशी को सुपुर्द की गई। सुरक्षा की दृष्टि से संपूर्ण गणना कार्य की रिकॉर्डिंग सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से की गई।सतत नि:शुल्क भंडारे के लिए सहयोग- मंदिर में 12 महीने लगातार चलने वाले नि:शुल्क भंडारे हेतु जनप्रतिनिधियों एवं शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों ने भी सहयोग राशि प्रदान की है। कुल 12 अधिकारियों-कर्मचारियों ने प्रत्येक 21,000 रुपये की राशि दी।



## आबकारी विभाग ने अलग -अलग स्थानों पर कार्रवाई कर 5 आरोपियों पर प्रकरण दर्ज किया

**मंदसौर।** उप निरीक्षक कर्मेंद्र सांवले ने जानकारी दी कि जिला आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। 15 सितम्बर से 18 सितम्बर तक विशेष अभियान चलाया गया, जिसमें शहर व आसपास के क्षेत्रों में अवैध रूप से मदिरा विक्रय, परिवहन एवं भंडारण करने वालों पर कार्रवाई की गई।

कार्रवाई के दौरान, इंद्रानगर से नरेंद्र पिता लक्ष्मीनारायण से 12 पाव प्लेन देशी मदिरा, सीतामऊ फाटक से विजय मोई पिता मोहनलाल से 18 पाव प्लेन देशी मदिरा, सीतामऊ फाटक से ही विनोद पिता पारुमल से 8 बीयर केन एवं 9 पाव प्लेन देशी मदिरा एवं अभिनंदन नगर से बंकट पिता भवानी से 21 पाव प्लेन देशी मदिरा, वीरेंद्र पिता कैलाश से 15 पाव प्लेन देशी मदिरा जब्त की। इस प्रकार कुल 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया।